छत्तीसगढ़ विधान सभा

जनवरी-फरवरी, 2014 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 7 फरवरी, 2014 (माघ 18, 1935)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2013-2014 **पटल पर रखेंगे.**

(2) श्री राजेश मूणत, परिवहन मंत्री, छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम,1991 (क्रमांक 25 सन् 1991) की धारा 23 की उपधारा (3) के पद (1) की अपेक्षानुसार अधिसूचना क्रमांक एफ 5-6/आठ-परि./2013, दिनांक 7 सितम्बर,2013 **पटल पर रखेंगे.**

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) सर्वश्री टी.एस. सिंहदेव, मोतीलाल देवांगन, कवासी लखमा, सदस्य,सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड की बिलद्वार गुफा में चट्टान गिरने से लोगों की मौत होने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री देवजी पटेल, सदस्य, प्रदेश में एच.बी.एन. कंपनी द्वारा जनता से धोखाधड़ी किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री संतोष बाफना, सदस्य, बस्तर संभाग में धान खरीदी केन्द्रों में व्याप्त अनियमितता की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) सर्वश्री भूपेश बघेल, टी.एस. सिंहदेव, सदस्य, कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव से शिशु मृत्युदर अधिक होने की ओर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) श्री अरूण वोरा, सदस्य, दुर्ग-भिलाई शहर की वृहद पेयजल योजना फेस-2 का कार्य पूर्ण न होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) श्री अरूण वोरा, सदस्य, जिला अस्पताल दुर्ग में चिकित्सक व स्टाफ की कमी होने की ओर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) डॉ. सनम जांगड़े, सदस्य, बिलाईगढ़ विधान सभा क्षेत्र में लवन वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) श्री शिवरतन शर्मा, सदस्य, प्रदेश में किसानों की कृषि भूमि पर लगाए गये टावर का समुचित मुआवजा न दिये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

क्रमशः 2

(9) श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य, जिला जांजगीर-चांपा में राशन दुकानदारों द्वारा हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण न किये जाने की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य, राजनांदगांव जिले में मेगनीज पत्थर का अवैध परिवहन किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(11) श्री टी.एस. सिंहदेव, सदस्य, प्रदेश में समोदा के समीप महानदी के बैराज से किसानों को पानी न दिया जाकर प्रायवेट प्लांट को पानी दिये जाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(12) श्री संतोष बाफना, सदस्य, बस्तर संभाग के शासकीय महाविद्यालयों में प्राचार्यों एवं शिक्षकों की कमी होने की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(13) श्री तोखन साहू, सदस्य, लोरमी विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में राशन कार्डधारियों को पी.डी.एस. चावल का वितरण नहीं किये जाने की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(14) श्री उमेश पटेल, सदस्य, प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में टोनही के नाम पर महिलाओं की हत्या किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय

1 घंटा (1) श्री नवीन मारकण्डेय, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि " रायपुर शहर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.) की स्थापना की जाय."

30 मिनट (2) श्री नवीन मारकण्डेय, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि " नई राजधानी रायपुर के समीप स्थित आरंग रेल्वे स्टेशन में कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र की स्थापना की जाए तथा यहां से गुजरने वाली सभी ट्रेनों का स्टापेज किया जाय."

रायपुर
दिनांक 6 फरवरी, 2014

देवेन्द्र वर्मा,
प्रमुख सचिव.